हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

9 डीवाईएफआई ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश का फूंका...



10 बिजली निजीकरण के खिलाफ कर्मियों ने ...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933



खबर संक्षेप

जटेला धाम में 25 को बंटेगी आरोग्यवर्धक औषधि

चरखी दादरी। तपोभूमि जटेला धाम में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर 25 अक्टूबर की रात्रि को आरोग्यवर्धक औषधि का वितरण किया जाएगा। सद्गुरु स्वामी गुमानी राम एवं स्वामी नितानन्द दयाल की कृपा से पीठाधीश्वर महंत राजेंद्रदास के सानिध्य में प्रतिवर्ष होने वाले कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। आश्रम से मिली जानकारी के अनुसार, दमा, नजला और सांस संबंधी रोगों से पीड़ित लोगों के लिए औषधि उपलब्ध कराई जाएगी। इसे प्राप्त करने के लिए टोकन लेना अनिवार्य होगा। स्वामी नितानन्द की अमृतवाणी का अखंड पाठ 24 अक्टूबर को 11 बजे शुरू होगा। वहीं, 25 अक्टूबर को सुबह 8 बजे अखंड पाठ की आरती एवं विनती होगी। इसके बाद शरद पूर्णिमा की रात्रि को औषधि वितरण किया जाएगा।

जजपा आज डीसी को सौंपेगी ज्ञापन

बाढ़ड़ा। जजपा के बाढ़ड़ा और दादरी हलके के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता बुधवार को 11 बजे दादरी विश्राम गृह में एकत्रित होंगे। पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र हूई ने बताया कि सभी कार्यकर्ता विश्राम गृह से चलकर दादरी सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगें। जिला अध्यक्ष रविंद्र सांगवान चरखी व जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास ने बताया कि भाजपा सरकार ने गेहूं के समर्थन मूल्य में 25 रुपये प्रति किलो बढ़ोतरी की है। जो आम किसान के साथ एक भद्दा मजाक है। इसके विरोध में जजपा आज 25 रुपये का ड्राउट और मांग पत्र उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

विशेष चेकिंग अभियान में पुलिस ने जांच 61 वाहन

चरखी दादरी। दादरी पुलिस ने बीती मध्यरात्रि को बौंद कलां स्थित नहरपुल पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। डीएसपी साहिल ढिल्लों के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने 61 वाहनों की जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच वाहन चालकों के चालान काटे। इंस्पेक्टर वीरेंद्र की अगुवाई में 16 पुलिसकर्मी तैनात रहे। टीम ने नाकाबंदी के दौरान वाहनों को रुकवाकर उनके दस्तावेजों की जांच की। साथ ही मेटल डिटेक्टर और टॉर्च की मदद से वाहनों की डिग्गियों, सीटों के नीचे तथा अन्य संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली गई। अभियान का उद्देश्य अवैध हथियारों, मादक पदार्थों और प्रतिबंधित लगाना है।

श्रद्धालुओं से अहंकार-बुराई छोड़ अच्छाई की ओर अग्रसर होने का आह्वान

रावण के पुतलों के दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न



सेठ किरोड़ीमल पार्क ,कृष्णा कॉलोनी के ओपी सरदाना पार्क और सेक्टर-13 के मुख्य पार्क में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। सेठ किरोड़ीमल पार्क में जले रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले।

विजय दशमी पर्व पर शहर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया। करीब आठ बजे शहर के ऐतिहासिक सेठ किरोड़ीमल पार्क में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां कुंभकरण, मेघनाथ व रावण के विशाल पुतलों का दहन किया।

वहीं कृष्णा कॉलोनी के ओपी सरदाना पार्क और सेक्टर-13 के मुख्य पार्क के सामने वाले मैदान में भी रावण के पुतले जलाए गए। तीनों ही जगहों पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। सेठ किरोड़ीमल पार्क में हर साल की तरह विजयदशमी उत्सव समिति द्वारा आयोजन किया। सेठ किरोड़ीमल पार्क में करीबन सौ सौ फुट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतला बनाए गए। शाम 5 बजे से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। पार्क में रामलीला का मंचन किया, जिसमें कलाकारों ने भगवान श्रीराम और लंकेश्वर रावण के युद्ध का जीवंत चित्रण किया। जैसे ही भगवान राम के स्वरूप ने आग का तीर छोड़ा, तीनों पुतले धू-धूकर जल उठे। पुतलों में भरे पटाखे फूटने लगे तो दर्शकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने एक-दूसरे को विजय दशमी की बधाइयां दीं। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। पार्क के चारों तरफ बैरिकेडिंग लगाए गए। अतिथियों ने कहा कि दशहरा का पर्व हमें सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में जीत हमेशा सत्य एवं अच्छाई की ही होती है। हमें अपने अंदर के रावण यानी अहंकार, क्रोध एवं लालच को भी खत्म करना चाहिए। वहीं कृष्णा कॉलोनी स्थित ओपी सरदाना पार्क में भी रावण दहन किया गया। यहां पर करीब 50 फुट ऊंचा रावण का पुतले का दहन किया। कॉलोनी के बच्चों ने रामलीला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं सेक्टर-13 के मुख्य पार्क के सामने वाले मैदान में भी रावण दहन किया। डीजे पर श्रीराम भजनों की धुन बज रही थी और युवा जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। रावण दहन देखने के लिए बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। कई बच्चे राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की वेशभूषा में आए थे। हाथों में तीर-कमान लिए घूमते बच्चों ने सबका मनमोह लिया। देर रात तक शहर में मेले जैसा माहौल रहा। जगह-जगह जलेबी, चाट-पकौड़ी और खिलौनों की दुकानें सजी रही। भिवानी में दशहरा का पर्व हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। इसके अलावा डोबी तालाब, हनुमान ढाणी सहित अनेक स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया।

पुलिसकर्मियों ने 24 घंटें की पुतलों की सुरक्षा

सेठ किरोड़ीमल पार्क में स्थापित सौ-सौ फुट के रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतलों के लिए कड़ी पुलिस सुरक्षा रही। पुलिस कर्मियों ने तीनों पुतलों की 24 घंटे सुरक्षा की, क्योंकि अनेक बार पुतलों को आग के हवाले करने जैसी घटनाएं घट चुकी हैं, इससे बचने के लिए पुलिस के जवान गश्त करते रहे। वहीं युवावर्ग को पुतलों से काफी दूर रखा गया, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। पुलिस प्रशासन ने पार्क की सुरक्षा व्यवस्था चॉक चौबंद करके रखी।

दादरी में 51 फुट के रावण के पुतले का किया दहन, आतिशबाजी से चमका मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी के पुराना शहर स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार को विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय बस स्टैंड के पीछे रज्जू अहलावत वाले ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया। इस दौरान करीब 15 मिनट तक आतिशबाजी होती रही।

पुतलों के जलने के साथ ही मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया। पुतला दहन के लिए रावण का 51 फुट ऊंचा पुतला तैयार किया गया था, जबकि मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों की ऊंचाई 41-41 फुट रही। कार्यक्रम में दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है। यह पर्व समाज को सदाचार और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पुतला दहन से पहले मैदान में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और वानर सेना तथा रावण की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और विभीषण रथ पर सवार होकर रवाना हुए। कार्यक्रम को लेकर शहर में दिनभर उत्साह का माहौल रहा। पुतला दहन स्थल पर मेले जैसी रौनक देखने को मिली। काफी संख्या में लोग परिवार सहित कार्यक्रम देखने पहुंचे।



चरखीदादरी। भगवान श्री राम, लक्ष्मण की आरती करते विधायक सुनील सतपाल सांगवान।



दादरी में आरएसएस का विजयादशमी महोत्सव पर पथ संचलन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

नगर की रासिवासिया धर्मशाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्रीराम उपनगर की पांच बस्तियों की ओर से विजयादशमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन के साथ हुई। इसके बाद नगर के मुख्य मार्गों से पथ संचलन निकाला गया।

बैंड और घोष की धुन पर गणवेश में अनुशासित कदमों से चलते स्वयंसेवक आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में बाल, युवा, तरुण और वरिष्ठ आयु वर्ग के स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे पदाधिकारियों ने भाग लिया। महोत्सव में वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के पूर्व कोषाध्यक्ष विशम्बर गोयल ने बौद्धिक प्रस्तुत किया। उन्होंने विजयादशमी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व, संघ की स्थापना के उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के विषयों की चर्चा करते हुए सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्यों के पालन को समाज एवं राष्ट्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताया।

बरसाना में एनडीपीएस एक्ट में नशा तस्कर की संपत्ति जब्त

■ नशे का कारोबार युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाता है : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

जिले में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दादरी जिला पुलिस ने गांव बरसाना में आरोपित उमेश की संपत्ति जब्त की है। मंगलवार को थाना सदर चरखी दादरी पुलिस टीम ने पीएसआई सन्नी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ के तहत नशा तस्करी से अर्जित की गई अवैध संपत्ति को कब्जे में लिया। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने गांव बरसाना में आरोपित के मकान और अन्य चिन्हित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई पूरी की। एसपी लोगेश कुमार पी ने कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ नशीले पदार्थों के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्ति पर भी शिकंजा कसना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करी से जुड़े मामलों में कानून के तहत कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति को जब्त करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। एसपी ने कहा कि नशे का कारोबार युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाता है। इसे रोकने के लिए जिला पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने आसपास नशा तस्करी या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस के अनुसार, जिले में नशे की रोकथाम और तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



चरखीदादरी। गांव बरसाना में सामान जब्त करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

नेशनल हाइवे 152डी पर 15.09 ग्राम हेरोइन सहित तीन युवक गिरफ्तार

■ तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त, एक आरोपित पुलिस रिमांड पर और दो न्यायिक हिरासत में भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की भिवानी यूनिट ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे 152-डी पर समसपुर टोल के पास तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 15.09 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की है। तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त किया गया है। तीनों आरोपित महेंद्रगढ़ जिले के रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि सोमवार को उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एचएसएनसीबी भिवानी यूनिट की टीम 152-डी हाईवे पर समसपुर पुल के नीचे गश्त कर रही थी।

इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि सफेद रंग की कार में सवार तीन युवक कलानौर की तरफ से हेरोइन लेकर महेंद्रगढ़ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हाईवे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध गाड़ी को रुकवा लिया। गाड़ी में सवार युवकों की पहचान राहुल निवासी सुरजनवास, हेमंत निवासी नाइयों की उगाड़ी और अनुज निवासी काली का टिब्बा, खोजावाड़ा के रूप में हुई। तीनों गांव महेंद्रगढ़ जिले में स्थित हैं। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं डीएसपी बाढड़ा जसपाल सिंह तथा सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र की मौजूदगी में गाड़ी और युवकों की तलाशी ली गई। इस दौरान राहुल के कब्जे से 15.09 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन और तस्करी में इस्तेमाल गाड़ी को कब्जे में लेकर तीनों आरोपितों के खिलाफ थाना सदर दादरी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाने में तैनात एएसआई मंजीत ने तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पूछताछ के बाद तीनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया।



चरखीदादरी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित। फोटो : हरिभूमि

विशेषज्ञ चिकित्सक डेपुटेशन पर जाने से सेवा प्रभावित

नागरिक अस्पताल में सप्ताह से ईएनटी ओपीडी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

दादरी जिला नागरिक अस्पताल में कान, नाक और गले से संबंधित बीमारियों के उपचार की सुविधा पिछले एक सप्ताह से बंद पड़ी है। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सचिन गर्ग के डेपुटेशन पर यहां से जाने के बाद ओपीडी का संचालन प्रभावित हो गया है।

अस्पताल में करीब एक वर्ष तक सेवाएं देने वाले विशेषज्ञ के जाने से मरीजों को उपचार और चिकित्सकीय परामर्श के लिए भिवानी व रोहतक के अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। इससे मरीजों को अतिरिक्त समय और आर्थिक खर्च उठाना पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ की ओपीडी संचालित होने के दौरान प्रतिदिन औसतन 70 से 80 मरीज जांच और उपचार के लिए पहुंचते थे, जिनमें कान में संक्रमण, सुनने में परेशानी, नाक संबंधी बीमारियों और गले में दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीज शामिल रहते थे। जिले के लोगों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिल रही थी। अब चिकित्सक के डेपुटेशन पर जाने के बाद ओपीडी बंद होने से मरीजों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने ईएनटी विशेषज्ञ की कमी को दूर करने के लिए मुख्यालय और संबंधित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर नए चिकित्सक की नियुक्ति की मांग की है। प्रशासन की ओर से नियुक्ति संबंधी स्वीकृति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी किए जाने की बात कही गई है। फिलहाल ओपीडी दोबारा शुरू होने की तारीख निर्धारित नहीं हुई है। ऐसे में मरीजों को सेवा बहाल होने का इंतजार है।



मरीजों को जांच के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा

ईएनटी ओपीडी बंद होने के कारण मरीजों को सामान्य जांच और उपचार के लिए भी दूसरे जिलों में जाना पड़ रहा है। इससे आने-जाने का किराया, समय और अन्य खर्च बढ़ रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निजी अस्पतालों में उपचार करवाना भी चुनौतीपूर्ण है। मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग से जल्द विशेषज्ञ चिकित्सक की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि जिले के लोगों को नागरिक अस्पताल में ही कान, नाक और गले से जुड़ी बीमारियों का उपचार मिल सके।

एचसीएस में छठा स्थान हासिल करने वाले रजत फौगाट का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा में प्रदेश में छठा रैंक हासिल करने वाले ढाणी फौगाट निवासी रजत फौगाट का रोहतक जिले के भालोट गांव में जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने उन्हें सम्मानित करते हुए इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। रजत फौगाट ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर एचसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

रजत की उपलब्धि से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि रजत की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और इससे उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर रजत फौगाट के पिता व एचडी स्कूल के निदेशक बलराज फौगाट, माता उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला देवी, पत्नी डॉ. अस्मिता फौगाट, देवेंद्र सांगवान, अन्नु और तन्नु सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने रजत को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत समारोह में मिले स्नेह और सम्मान से अभिभूत रजत फौगाट और उनके पिता बलराज फौगाट ने ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों ने जिस अपनत्व और गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया है, वह उनके लिए यादगार रहेगा।



भिवानी। रजत फौगाट को सम्मानित करते गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरभूमि



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), सई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठे गंभीर सवाल, ज्ञानेश को बर्खास्त करने की मांग

डीवाईएफआई ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश का फूंका पुतला, जताया रोष

एक नवंबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की रैली में उमड़ेगा जनसैलाब: अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीवाईएफआई (भारत की नौजवान सभा) व एसएफआई ने मंगलवार को चिड़ियाघर रोड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंककर केंद्र सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दोनों संगठनों के कार्यकर्ता ठाकुर बीरसिंह पार्क में इकठ्ठे हुए तथा प्रदर्शन कर कोर्ट रोड तक नारेबाजी करते हुए पहुंचे। नौजवानों ने मांग की कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल बर्खास्त किया जाए, एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया रद्द कर इसकी निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा इस प्रक्रिया के तहत हटाए गए 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के वोट दोबारा मतदाता सूची में शामिल किए जाएं। वहीं चुनाव आयोग की नियुक्ति से संबंधित 2023 के कानून को रद्द कर पुरानी कॉलेजियम व्यवस्था बहाल करने की मांग उठाई, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री व विपक्ष के नेता शामिल हो।



भिवानी। चिड़ियाघर रोड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकते डीवाईएफआई व एसएफआई के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

एसआई आर प्रक्रिया रद्द कर काटे गए वोट बहाल करने की उठाई मांग

वोट का अधिकार जनता की लोकतांत्रिक ताकत

प्रदर्शन की अध्यक्षता डीवाईएफआई व एसएफआई की ओर से युवा नेता अभिषेक शर्मा ने की तथा मंच संचालन जिला कन्वीनर अनुराग ने किया। डीवाईएफआई के राज्य प्रधान मुकेश कुमार ने कहा कि देश इस समय बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर जनता के मन में गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं। मतदाता सूची से लोगों के नाम काटे जाने और वोट के अधिकार पर संकट पैदा होने की शिकायतें लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार जनता की लोकतांत्रिक ताकत है और इस अधिकार के साथ किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग की कि एसआईआर प्रक्रिया की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाई जाए, जिन लोगों के नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनके नाम बहाल किए जाएं तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

गठबंधन की रैली में भागीदारी करें

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2023 में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून में किए बदलावों के कारण पुरानी चयन व्यवस्था समाप्त हो गई। डीवाईएफआई की मांग है कि इस कानून को रद्द कर ऐसी पारदर्शी कॉलेजियम व्यवस्था बहाल की जाए, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता की भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली में छात्र, नौजवान, कर्मचारी, मजदूर, किसान, महिलाएं और व्यापारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। विरोध प्रदर्शन में अजय, शन्नू, अमीर, वंशिका, सन्नू, जगदीप, अनिल श्योराण, एडवोकेट निश्चय रोहिल्ला, किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश, करतार ग्रेवाल, अनिल, राममेहर सिंह, डॉ. सुमेर सांगवान, सुखदेव पालुवास व अनुराधा आदि मौजूद रहे।

प्रश्नोत्तरीमें सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय लोहारू प्रथम



भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- एमएनएस कॉलेज में अंतर-महाविद्यालय वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,13 टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में अंतर-महाविद्यालय वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. आनंद प्रकाश, अध्यक्ष, वाणिज्य विभाग के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य जगबीर सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन करके किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सम्बोधन में ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में वर्धमान ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक सचिन जैन उपस्थित रहे। जैन ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय लोहारू की टीम ने बाजी मारी।

मुख्यातिथि सचिन जैन ने कहा कि आज के दौर में वाणिज्य और वित्तीय साक्षरता का ज्ञान प्रत्येक युवा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण और व्यावसायिक क्षेत्र में नए अवसरों को पहचानने के लिए मार्गदर्शन दिया तथा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

एसएमआरजे कॉलेज द्वितीय

कार्यक्रम में संयोजक की भूमिका वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार ने निभाई। डॉ. अजीत ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 13 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने वाणिज्य, अर्थशास्त्र, व्यवसाय, लेखांकन और वित्त जैसे विषयों में अपना उत्कृष्ट ज्ञान और त्वरित सोच का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में मंच संचालन क्विज मास्टर डॉ. सपना एवं डॉ. उपासना ने किया। प्रतियोगिता की रमेश कुमार पटवारी की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय लोहारू प्रथम, एसएमआरजे राजकीय महाविद्यालय सिवानी द्वितीय तथा आदर्श महिला महाविद्यालय भिवानी तृतीय स्थान पर रहा। वही चौधरी बंसीलाल राजकीय कॉलेज लोहारू को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र कुमार नरवाल, डॉ. आनंद, डॉ. अनु मलिक, रितु पांघाल आदि मौजूद रहे।

दशहरा असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक

- लिट्स हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में पंच परिवर्तन एवं राष्ट्र निर्माण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गुरु गोविंद सिंह बस्ती सेक्टर-13 की ओर से विजयादशमी के अवसर पर सेक्टर-13 स्थित लिट्स हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन और संचलन किया। इस दौरान विजयादशमी के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व, संघ की स्थापना के उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्यतिथि डॉ. आरती डागर रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कामनवेल्थ खेलों में हाकी टीम की पदक विजेता इशिका संभ्रवाल उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता सचिन ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन पांच विषयों को अपने जीवन में अपनाकर सामाजिक एकता को मजबूत किया जा सकता है और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन और संचलन के माध्यम से अनुशासन, संगठन एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।



भिवानी। लिटिल हार्टस स्कूल में एकत्रित आरएसएस के स्वयंसेवक।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयादशमी महोत्सव, संचलन एवं शस्त्र पूजन भी किया

तोशाम। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तोशाम मंडल की ओर से पंजाबी धर्मशाला में मंगलवार को विजयादशमी महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मास्टर आत्माराम तथा मुख्य वक्ता करण कैरू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शस्त्र पूजन किया और स्वयंसेवकों ने संचलन भी किया। मुख्य वक्ता करण कैरू ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें साहस, अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति के भाव को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयासों की चर्चा की। कार्यक्रम में राष्ट्र के प्रति समर्पण, सामाजिक एकता, सेवा, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया। विजयादशमी महोत्सव ने स्वयंसेवकों को समाजहित में कार्य करने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।




महंत गोरखनाथ की मूर्ति स्थापित की

- पूर्व डायरेक्टर अतर सिंह श्योराण ने भगवा धारण कर लिया संन्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

शहर चरखी दादरी मोड़ पर पिछले करीब चार दशकों से वीरान पड़े महंत गोरखनाथ मंदिर का नव निर्माण कर बीते दिवस यहां भव्य कार्यक्रम के साथ महंत गोरखनाथ की मूर्ति विराजित की गई।

इस पूरे कार्यक्रम के अगवा रहे हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी के पूर्व निदेशक प्रो. अतर सिंह श्योराण ने इस दौरान सन्यास आश्रम अपनाते हुए अपने जीवन को समाज के लिए समर्पित कर दिया। बता दें कि शहर के चरखी दादरी मोड़ पर पिछले काफी दशकों से गोरखनाथ मंदिर के नाम से जमीन वीरान पड़ी थी और यहां गोरखनाथ मंदिर के लिए कुछ निर्माण किया गया था। करीब एक वर्ष पहले एचआईआरडी के पूर्व निदेशक प्रो. अतर सिंह श्योराण ने इस मंदिर के नव निर्माण का जिम्मा उठाया और इलाके के सामाजिक लोगों से इस मंदिर स नवनिर्माण को लेकर मदद मांगी। इसके साथ ही अतर सिंह श्योराण ने संन्यास आश्रम अपनाने और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ समाज में जन चेतना लाने को भगवा जीवन अपनाने का निर्णय ले लिया। अपना जीवन समर्पित करते हुए पूर्व निदेशक अतर सिंह श्योराण ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति चिंता का विषय है।



लोहारू। लोहारू में गोरखनाथ मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में सन्यास जीवन धारण करने वाले प्रो. अतर सिंह श्योराण व अन्य।



चरखीदादरी। यज्ञ में आहुतियां अर्पित करते श्रद्धालु।

वैदिक रीति से मनाया विजयदशमी पर्व

चरखी दादरी। गांव चंदेनी स्थित बाबा साधना धाम मंदिर परिसर में विजयदशमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और वैदिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने सपरिवार भाग लेकर आहुतियां डालीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। यज्ञ के ब्रह्मा स्वामी योगानंद, योगाचार्य सुरेंद्र आर्य और सोमबीर ने श्रद्धालुओं को विजयदशमी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि विजयदशमी धर्म, साहस और विजय का प्रतीक पर्व है। इस दौरान ब्रिकम, उधम सिंह, संजय, विकास, मंजीत और अनिल सहित ग्रामीणों ने सवामणि लगाई तथा प्रसाद वितरित किया। धार्मिक आयोजन में गोलू, रामेश्वर उर्फ पटेल, मास्टर हरबीर, राजेश पंच, शमशेर प्रवक्ता, विक्रम, जयवीर, मास्टर अनिल, एडवोकेट सोमवीर, जगदीश फौजी, तिलक राज पंच सहित अनेक ग्रामीणों ने परिवार सहित यज्ञ में आहुतियां डालीं। इस अवसर पर पूर्व प्रिंसिपल धर्मवीर सिंह, मोनू, विकास सांगवान और रामोतार भी मौजूद रहे।

मेघनाद के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण हुए मूर्छित

- अंगद ने रावण के दरबार में पैर जमा किया युद्ध का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

आदर्श रामलीला मैदान में चल बीते दिवस देर रात तक चले रामलीला मंचन कार्यक्रम में आकर्षक रावण का दरबार का मंचन किया गया। लंका दहन के बाद रामा दल की ओर से अंगद रावण के दरबार में प्रस्ताव लेकर पहुंचे और अपनी ताकत का परिचय देते हुए दरबार में पैर जमा दिया। यहीं नही अंगद रावण को युद्ध की चुनौती और वहां से रवाना हो गए। रामलीला मंचन में इस बार राजबीर पटवारी रावण का किरदार निभा रहे हैं। रमेश उर्फ मेसी ने मेघनाथ, विक्की सैनी ने हनुमान जी का किरदार निभाया। देर रात तक रामलीला मंचन हुआ।

मंचन में रावण की सेना और रामादल के बीच भीषण युद्ध का मंचन किया गया। मेघनाथ और लक्ष्मण के साथ हुए युद्ध में मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं और बाद में हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर आते है। संजीवन वूटी के प्रभाव से लक्ष्मण पुनः होश में आ जाते है। दशहरे के दिन रामलीला मंचन के दौरान करीब 40 फीट ऊंचा रावण का पुतला किया गया। जिसका दहन देर रात को भगवान श्री राम रावण वध के साथ करेंगे।



लोहारू। रामलीला मंचन में लक्ष्मण मूर्छित होने के बाद विलाप करते भगवान श्रीराम। फोटो : हरिभूमि

आईपीएस स्कूल में रावण दहन के साथ दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश



चरखी दादरी। बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल बिरही कलां में दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रावण दहन किया गया और विद्यार्थियों को सत्य, धर्म तथा सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को दशहरा पर्व के धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि दशहरा बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से सत्य और ईमानदारी के मार्ग पर चलने, बुरी आदतों से दूर रहने तथा माता-पिता, गुरुजनों और बड़ों का सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रावण दहन की सार्थकता तभी है, जब प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प ले। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और अच्छे संस्कारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भोजावाली देवी माता व मां दुर्गा मंदिर में लगा मेला, श्रद्धालुओं ने किए माता रानी के दर्शन

नवमी पर देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शारदीय नवरात्रों के नौवें दिन महानवमी पर शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नया बाजार स्थित प्रसिद्ध श्रीभोजावली देवी माता मंदिर और कृष्णा कॉलोनी फाटक पार दुर्गा कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर में विशेष मेले का आयोजन किया। सुबह से ही माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने घंटों लाइनों में लगकर माता रानी के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नया बाजार स्थित भोजावली देवी मंदिर शहर का सबसे प्राचीन एवं सिद्धपीठ माना जाता है। नवमी के दिन यहां अलसुबह चार बजे ही मंदिर के पट खोल दिए गए। पट खुलते ही सैंकड़ों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए कतार में लग गए। मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया।



भोजावाली देवी माता मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु।

हवन-पूजन का विशेष महत्व

मंदिर के पुजारी उमेश शर्मा, प्रवीण, देव, सुरेश, नरेश, सोमदत्त व दीपक ने बताया कि नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है, जो सभी सिद्धियों को देने वाली हैं। इस दिन हवन-पूजन का विशेष महत्व है। मंदिर में सुबह 9 बजे से हवन शुरू हुआ, जिसमें सैंकड़ों दंपतियों ने आहुति डाली। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के बाहर मेले जैसा दृश्य रहा। बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानें, महिलाओं के लिए श्रृंगार के सामान, चूड़ियों और बिंदी की स्टॉल लगी हुई थीं। छोटे बच्चे गुब्बारे और खिलौने खरीदते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर कमेटी ने सेवादारों और पुलिस की तैनाती रही, ताकि व्यवस्था बनी रहे। दूसरी ओर कृष्णा कॉलोनी फाटक पार दुर्गा कॉलोनी के मां दुर्गा मंदिर में भी नवमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। यहां भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। मंदिर के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी थीं, महिलाएं लाल चुनरी और नारियल लेकर माता की पूजा करने पहुंचीं।

हर वर्ष लगता मां दुर्गा का मेला

मंदिर के पुजारी ने बताया कि हर साल नवमी पर मेला लगता हैं। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें और महिलाओं के लिए सजावट के सामान की स्टॉल लगाई गई। शाम के समय मंदिर में जागरण का आयोजन भी किया, जिसमें स्थानीय भजन मंडली ने माता के भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दोनों ही मंदिरों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। दोपहर में भी भीड़ कम नहीं हुई। कई श्रद्धालु परिवार सहित माता के दर्शन करने पहुंचे थे। कई लोगों ने नवमी पर अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी करवाया। श्रद्धालुओं ने बताया कि वह हर साल नवमी पर भोजावली देवी मंदिर में दर्शन करने आते हैं, यहां आने से मन को बड़ी शांति मिलती है और माता सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। कुल मिलाकर नवरात्रि की नवमी पर भिवानी के दोनों प्रमुख देवी मंदिरों में भक्ति, आस्था और मेले का अद्भुत संगम देखने को मिला। देर रात तक मंदिरों में भक्तों की आवाजाही जारी रही।

जागरण में रातभर झूमे श्रद्धालु

तोशाम। माता वैष्णों देवी मंडल द्वारा महानवमी पर वैष्णो मां मंदिर में भजन-संकीर्तन के साथ जागरण आयोजित किया। इस दौरान माता रानी का भोग लगाकर भंडारा भी आयोजित किया, जिसमें माता के अनेक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान वैष्णो मां मंदिर की सेविका नीलम वलेचा ने कहा कि पिछले करीबन 25 वर्षों से प्रत्येक नवरात्रि के दौरान गुरुजी पंडित रामकिशन महाराज के सानिध्य में मंदिर परिसर में निरंतर 9 दिन तक नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता है और नवरात्रि में मां ज्वालाजी से ज्वाला ज्योति तोशाम के वैष्णो मंदिर लाई जाती है। नवरात्रि में मां ज्वालाजी की 9 दिन तक निरंतर पूजा-अर्चना की जाती है। नवमी के दिन जागरण तथा भंडारा होता है। जागरण के दौरान पंजाब से आए गायक कलाकार सोनू शेरगिल ने अपनी मधुर वाणी में माता रानी के भजनों की भव्य प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस दौरान सोनू शेरगिल ने मेरी मैय्या दा द्वारा सानू लगदा प्यारा होगी बल्ले बल्ले..., आज मैय्या दा हो रहा जगराता हाजिरी लगा लो भक्तों..., मैनू नचना मैय्या दे दरबार आज मैनू नच लेन दे...आदि भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान उपस्थित महिला पुरुष तथा बच्चे माता के दरबार में भजनों पर जमकर थिरके।



खबर संक्षेप

शहीद नायक राजबीर सिंह को किया नमन

बाढ़ड़ा। गांव झोझूकलां में अमर शहीद नायक राजबीर सिंह सांगवान की प्रतिमा स्थापना समारोह का आयोजन किया और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अतिथियों ने उनकी वीरता, साहस तथा सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। भारतीय सेना लंका में आतंकवाद को खत्म करने के लिए पवन ऑपरेशन चला रही थी। उसी मिशन में अपनी वीरता का परिचय देते हुए राजबीर सिंह देश के लिए शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों का बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। शहीदों के त्याग और समर्पण के कारण ही देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा मजबूत है। उन्होंने कहा कि शहीदों की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देती रहेंगी। उन्होंने शहीद नायक राजबीर सिंह सांगवान को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र अपने वीर सपूतों के बलिदान को सदैव याद रखेगा। इस अवसर पर महादेव, सुरेश फौजी, सरपंच बंटी झोझू, पिंटू पहलवान, अनिल झोझू, सरपंच विकास मैहडा, सरपंच अनिल तिवाला, रामबीर व रोहित सांगवान आदि मौजूद रहे।

बौदकलां में संघ के शताब्दी वर्ष पर किया शस्त्र पूजन

चरखी दादरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड बौद कलां की ओर से संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विजयदशमी के उपलक्ष्य में सांजरवास स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड संघचालक बाबू लाल ने की, जबकि सह जिला कार्यवाह जयवीर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए जयवीर ने संघ की सौ वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। संघ की स्थापना का उद्देश्य राष्ट्र को परमवैभव तक पहुंचाने के लिए व्यक्ति निर्माण करना था। उन्होंने कहा कि समाज में जाति, संप्रदाय, भाषा और क्षेत्र के आधार पर भेदभाव को दूर कर आपसी एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना आवश्यक है।

बिजली विभाग का निजीकरण काला कानून, कल से होगी तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल

बिजली निजीकरण के खिलाफ कर्मियों ने फूंके ऊर्जामंत्री, सरकार व एचईआरसी चेयरमैन के पुतले

- सांझा मोर्चा गुरुग्राम-नूंह में प्राइवेट कंपनी को लाइसेंस देने के विरोध में भिवानी सर्कल कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन
- निजीकरण के खिलाफ लड़ाई सस्ती बिजली बचाने का है संघर्ष: इंजीनियर संजय रंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सरकार की शह पर हरियाणा बिजली नियामक आयोग (एचईआरसी) द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों के लिए निजी कंपनी इलेवन पावर को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के फैसले के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। बिजली के निजीकरण के इस फैसले के विरोध में और प्रदेश के सभी बिजली कर्मचारियों, किसानों व आम उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को दशहरे के दिन भिवानी सर्कल के हर कैटेगरी के कर्मचारियों और इंजीनियरों ने सर्कल कार्यालय पर एकत्र होकर जबरदस्त रोष प्रदर्शन किया तथा प्रदेश स्तरीय आह्वान पर सर्कल स्तरीय पुतला दहन कार्यकम में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।



भिवानी। केंद्रीय मंत्री व सरकार का पुतला फूंकते बिजली कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

आधे घंटे तर रहा रोड जाम

प्रदर्शन की शुरूआत बीटीएम रोड स्थित सर्कल ऑफिस से शुरू हुआ तथा बीटीएम चौक तक पहुंचा। प्रदर्शनकारियों के भारी हुजूम होने के चलते करीबन आधा घंटा तक रोड जाम जैसी स्थिति बनी रही। प्रदर्शन व जुलूस का नेतृत्व एचपीईए के जोन प्रधान कार्यकारी अभियंता संजय रंगा, एससी, एसटी व बीसी यूनियन से बिजेंद्र बराड़, एएचपीसी वर्कर यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष राजेश झरवाई, एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के राज्य सह सचिव राकेश बलौदा ने किया। वही अध्यक्षता एचएसईबी वर्कर्ज यूनियन के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला, ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन के सर्कल सचिव अशोक गोयत, हरियाणा पॉवर इंजीनियर एसोसिएशन के प्रवक्ता नारायण प्रकाश एसडीओ ने की। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर सांझा मोर्चा के राज्य नेता सुरेंद्र यादव पहुंचे।

बिजली कर्मियों ने फूंका जन विरोधी नीतियों का पुतला

दशहरे पर जहां पूरे देश में अधर्म और अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला फूंका जाता है, वहीं बिजली कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार की जन-विरोधी और कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर कर्मचारियों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और एचईआरसी अध्यक्ष मुकेश गर्ग के पुतले फूंककर रोष जताया।

आज जलाई जाएंगी एचईआरसी के काले आदेश की प्रतियां

कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि मुनाफा कमाने वाले उच्च-राजस्व वाले क्षेत्रों को निजी हाथों में सौंपकर सरकारी बिजली निगमों की कमर तोड़ने की गहरी साजिश रची जा रही है। दशहरे से ठीक एक दिन पहले लिया गया यह फैसला पूरी तरह से काला और जन-विरोधी है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि 21 अक्टूबर का हरियाणा बिजली नियामक आयोग (एचईआरसी) के इस काले आदेश की प्रतियां पूरे प्रदेश में जलाई जाएंगी। इसके उपरांत 22, 23 एवं 24 अक्टूबर को प्रदेशभर में लगातार तीन दिनों की पूर्ण हड़ताल रहेगी, जिससे बिजली सेवाएं ठप हो सकती हैं। वही 24 अक्टूबर को हड़ताल के तीसरे दिन आगे के आंदोलन एवं भावी रणनीति का बड़ा ऐलान किया जाएगा। कर्मचारी संगठनों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इलेवन पावर कंपनी को दिया गया यह लाइसेंस तुरंत रद्द नहीं किया और निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार और प्रशासन की होगी।

बिजली निगम का निजीकरण कर अन्नदाताओं व गरीबों की कमर तोड़ने का षड्यंत्र रच रही सरकार

- नूंह में महापंचायत कर किसान हरियाणा बंद, हाईवे जाम व बिजली निगमों के घेराव के उठाएंगे कड़े कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह जिलों में बिजली वितरण व्यवस्था निजी हाथों में सौंपे जाने का मामला गरमाता जा रहा है। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को 25 साल के लिए समानांतर लाइसेंस दिए जाने के बाद किसान संगठनों में भारी आक्रोश है। इस कदम को जनता के हितों पर कुठाराघात बताते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने चेतावनी दी कि ये आदेश वापस नहीं लिए तो किसान अपनी जान की बाजी लगा देंगे और खेतों में निजी कंपनियों के पोल नहीं गड़ने देंगे। भाकियु टिकैत ने चेतावनी दी कि सरकार ने अपना फैसला तुरंत प्रभाव से वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में नूंह में विशाल महापंचायत बुलाई जाएगी। महापंचायत में हरियाणा बंद, हाईवे जाम और बिजली निगमों के घेराव जैसे बड़े और कड़े कदम उठाए जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

निजीकरण से महंगी होगी बिजली, जनता पर पड़ेगा बोझ

राकेश ने कहा कि सरकार बिजली क्षेत्र के निजीकरण के जरिए सीधे तौर पर अन्नदाताओं और गरीबों की कमर तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियां केवल और केवल मुनाफा कमाने के उद्देश्य से आती हैं, जिससे आने वाले समय में किसानों को मिलने वाली ट्यूबवेल सब्सिडी और गरीब तबके को मिलने वाली सस्ती बिजली पर पूरी तरह से संकट खड़ा हो जाएगा। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि महंगे बिजली के बिल और स्मार्ट मीटरों के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लड़ाई केवल किसानों तक सीमित नहीं, बल्कि इससे मानेसर और गुरुग्राम के उद्योगपति, छोटे दुकानदार और आम उपभोक्ता भी बुरी तरह प्रभावित होंगे।

छात्राओं की शिकायतें न हों अनदेखी

- महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन मीना परमार ने बापोड़ा व बीरण कन्या स्कूल का किया निरीक्षण
- आयोग की वाइस चेयरपर्सन परमार ने निरीक्षण के दौरान छात्राओं से बात कर जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन मीना परमार ने गांव बापोड़ा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और गांव बीरण स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों में आंतरिक शिकायत निवारण समितियों की कार्रवाई की जानकारी ली। परमार ने स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए कि छात्राओं द्वारा की जाने वाली शिकायतों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शिकायत की अनदेखी को हरियाणा महिला आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा।



भिवानी। महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन मीना परमार के साथ छात्राएं व शिक्षक।

कुछ भी गलत होने पर करें विरोध

परमार ने कहा कि उनके साथ किसी भी स्तर पर कुछ भी गलत होता है तो वे उसका विरोध करें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि उनको गुड टच और बैड टच के बारे में मालूम होना चाहिए। गलत कार्य का विरोध करने में हिचकिचाहट या शर्म महसूस न करें, वे हमेशा निडर रहें। वे कड़ी मेहनत करें और अपना लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ें। छात्राओं को किसी भी प्रकार से घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है।

हरियाणा बैडमिंटन चैंपियनशिप में बर्डी एरिना का जलवा

- नमन व सूर्यांश ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान तथा बैडमिंटन वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी द्वारा आयोजित 59वीं अंडर-15 तथा अंडर-17 हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्थानीय रोहतक गेट स्थित बर्डी बैडमिंटन एरिना के खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की सबसे खास बात यह रही कि पहली बार भिवानी के बर्डी बैडमिंटन एरिना में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग के बच्चों के लिए हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप का सफल आयोजन हुआ। इसचैंपियनशिप में बर्डी बैडमिंटन एरिना में नियमित अभ्यास करने वाले भिवानी के प्रतिभावान खिलाड़ी नमन और सूर्यांश ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया और पूरे जिले का नाम रोशन किया। खिलाडिय़ों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए बर्डी बैडमिंटन एरिना के संचालक शुभम शर्मा ने कहा कि हमारे खिलाडिय़ों नमन और सूर्यांश का यह प्रदर्शन पूरे बर्डी बैडमिंटन एरिना परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। इस सफलता का पूरा श्रेय हमारे तीनों समर्पित कोचों शुभम तंवर, देवेन अरोड़ा और रजत भाटी की अथक मेहनत और सही मार्गदर्शन को जाता है। वहीं बच्चों के माता-पिता का निरंतर सहयोग और विश्वास ही इस जीत की मुख्य नींव रहा है।



भिवानी। अतिथियों व कोच के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

कोचों की मेहनत

एरिना के संचालक शुभम और महेश के मार्गदर्शन में इस केंद्र ने कम समय में ही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की मिसाल पेश की है। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता के पीछे उनके कोचों की दिन-रात की मेहनत रही। मुख्य कोच शुभम तंवर, देवेन अरोड़ा और रजत भाटी ने खिलाड़ियों को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए थे, जिसका फल आज सभी के सामने है।

शरद पूर्णिमा पर सिद्ध महादेव मंदिर में होगा औषधियुक्त खीर का वितरण

चरखी दादरी। पुरानी अनाज मंडी स्थित सिद्ध महादेव मंदिर में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पुरानी अनाज मंडी व्यापार मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, महाआरती और औषधियुक्त खीर के प्रसाद का वितरण होगा। प्रभात मंडल के महासचिव राकेश मित्तल ने बताया कि मंदिर परिसर में रात 9 बजे से 12 बजे तक कीर्तन होगा। कीर्तन में स्थानीय भजन मंडलियां भगवान शिव और बांके बिहारी का गुणगान करेंगी। कीर्तन के समापन पर महाआरती की जाएगी, जिसके बाद श्रद्धालुओं और आमजन को खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन योगार्थी पुरुषोत्तम बंसल और प्रभात मंडल के प्रधान बजरंग लाल सिंगला की देखरेख में किया जाएगा। आयोजन के दौरान श्वास, अस्थमा, नजला, साइनस और जुकाम से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था भी रहेगी।

श्रीराम कथा का भक्तिमय समापन, हवन में दीं आहुतियां

- श्रीराम कथा ने श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हवन कुंड में प्रज्वलित पवित्र अग्नि, उसमें अर्पित घी एवं सुगंधित हवन सामग्री की आहुतियों से उठती मनमोहक महक, वातावरण में गूंजते वैदिक मंत्र और श्रद्धालुओं के मुख से निकलते 'जय श्रीराम' के जयघोष के बीच आज अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के तत्वावधान में आयोजित भव्य श्रीराम कथा का विधिवत समापन हो गया। हवन के दौरान यजमानों ने मंत्रों का शुद्धि से उच्चारण कर माहौल को भक्तिमय कर डाला। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आहुतियां अर्पित कर प्रभु श्रीराम से समस्त संसार के कल्याण, परिवारों में सुख-समृद्धि, समाज में सद्भाव और विश्व में शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। हवन से उठती पवित्र सुगंध और मंत्रोच्चार की आध्यात्मिक ध्वनि ने पूरे परिसर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। राजश्री बैंक्वेट हॉल में 11 से 20 अक्टूबर तक हुई दस दिवसीय श्रीराम कथा में पूज्य संत रामझूलन दास जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दिव्य चरित्र, उनकी मर्यादा, त्याग, करुणा, कर्तव्यनिष्ठा और धर्मपरायण जीवन से जुड़े प्रसंगों का श्रवण किया। कथा के समापन दिवस पर श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बनता था।



भिवानी। हवन में आहुति डालते अशोक बुवानीवाला व अन्य श्रद्धालु।

प्रभु श्रीराम से लें प्रेरणा

पूज्य संत रामझूलन दास महाराज के श्रीमुख से सुनाए गए प्रसंगों ने भक्तों को प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान किया। संतश्री ने अपने श्रीमुख से बताया कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, सत्य और धर्म का मार्ग नहीं छोडऩा चाहिए। माता-पिता के प्रति सम्मान, परिवार के प्रति समर्पण, मित्रता में निष्ठा, वचनों का पालन, कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व जैसे गुण प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। कथा आयोजक अखिल भारतीय श्री दादू सेवक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि दस दिनों के दौरान पूज्य संत रामझूलन दास ने अपनी अमृत वाणी से छोटी काशी भिवानी को प्रभु श्रीराम के नाम और भक्ति रस से गुंजायमान बनाए रखा।

अदालत के आदेशों के बाद नियमितीकरण पर सरकार नहीं है गंभीर: शमशेर

- 25 को कुरुक्षेत्र में महारैली के बाद चंडीगढ़ तक निकलेगी न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा सरकार अतिथि अध्यापकों (गेस्ट टीचर्स) को नियमित करने के मामले में अदालत के आदेशों के बावजूद गंभीरता नहीं दिखा रही। सालों से अपनी सेवाएं दे रहे इन शिक्षकों को आश्वासनों और टालमटोल के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ है, जिससे पूरे प्रदेश के अतिथि अध्यापकों में भारी नाराजगी है, ये बात अतिथि अध्यापक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के रोहतक मंडल अध्यक्ष शमशेर सिंह ने कही। शमशेर ने कहा कि सरकार को जगाने एवं नियमितीकरण की मांग को मजबूती से उठाने के लिए अतिथि अध्यापक संयुक्त संघर्ष मोर्चा हरियाणा प्रदेश ने बड़े आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। अतिथि अध्यापक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के रोहतक मंडल अध्यक्ष शमशेर सिंह ने कहा कि मोर्चा के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 25 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में विशाल महारैली का आयोजन किया जाएगा। इस महारैली के तुरंत बाद कुरुक्षेत्र से चंडीगढ़ तक न्याय यात्रा निकाली जाएगी। इस न्याय यात्रा के माध्यम से प्रदेशभर के अतिथि अध्यापक महामहिम राज्यपाल को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे और नियमितीकरण के साथ-साथ अन्य लंबित समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए काई रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

भरोसा | रामबाग के विकास को लेकर विधायक व चेयरमैन ने दिया आश्वासन, जल्द होंगे सुधार कार्य

बवानीखेड़ा रामबाग 'शमशानघाट को मंदिर जैसा लुक देने में जुटे समिति सदस्य, शिव परिवार की मूर्ति स्थापना कर किया हवन

दीपक कुमार डूमड़ा ⏭बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के रामबाग स्थित "शमशान घाट" में लंबे समय से चल रही व्यवस्थाओं और सुविधाओं को लेकर अब सुधार की उम्मीद जगी है। शमशान घाट की देखरेख समिति के सदस्य, जिनमें डॉ. बूटाराम धमीजा, बीएसएनएल से सेवानिवृत्त जेई नंदलाल महता, समाजसेवी प्रेम ओड, बोधराज मेहता, रमन कुमार टुटेजा सहित अन्य लोगों के द्वारा यहां निरंतर सेवा कार्य किया जा रहा है। समिति के प्रयासों से रामबाग परिसर में साफ-सफाई के साथ-साथ फल-फूल के पौधों की देखभाल भी की जा रही है और इसमें पौधों को पानी डालकर सींचने का कार्य किया जाता है, जिससे यह स्थान एक शांत और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करता है।



बवानीखेड़ा। रामबाग शमशान घाट परिसर में पौधों को पानी देते समिति के सदस्य।

वायरिंग भी होगी

बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वायरिंग कार्य भी करवाया जाएगा, ताकि रात के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। विशेष रूप से बच्चों की मृत्यु के मामलों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए अलग और सुरक्षित स्थान विकसित करने की बात भी कही गई है। इससे परिवारों को मानसिक रूप से थोड़ी राहत मिल सकेगी और व्यवस्थाएं अधिक संवेदनशील बनेंगी। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के इस आश्वासन का स्वागत किया।

रामबाग में विकास कार्य जल्द होंगे शुरू

बीते दिनों रामबाग में समिति के सदस्यों द्वारा मिलकर विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्किट कमेटी प्रधान राजू हंस, गुलषन खुराना, जगदंबा महता, महेष महता सहित अन्य के नेतृत्व में मूर्ति की स्थापना करवाई और हवनयज्ञ करवाकर प्रसाद वितरित किया, जिसमें लोगों की आस्था बढ़ने लगी है। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी रामबाग में चारदिवार, शौचालय सहित अन्य मांगों की घोशणा करते हुए जल्द कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। बीते दिनों में नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने नपा कर्मचारियों व अधिकारियों संग रामबाग का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने समिति सदस्यों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। चेयरमैन ने आश्वासन दिया कि शमशान घाट में जल्द ही कई आवश्यक विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिससे यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि परिसर में शौचालय का निर्माण कराया जाएगा, ताकि स्वच्छता बनी रहे। इसके अलावा मिट्टी भरत कर समतलीकरण का कार्य भी किया जाएगा, जिससे रास्ते सुगम हो सकें।